abp न्यूज़

## Patna News: पटना में नकली शराब की फैक्ट्री का भंडाफोड़, पॉश इलाके में चल रहा था गोरखधंधा, दो गिरफ्तार




**Patna News:** राजधानी पटना में बुधवार की शाम में मद्य निषेध सहायक आयुक्त प्रेम प्रकाश के नेतृत्व में छापेमारी की गई. इस कार्रवाई में नकली अंग्रेजी शराब की फैक्ट्री का उद्भेदन हुआ. पटना के उत्पाद निरीक्षक कुलवंत कुमार ने यह जानकारी दी. मिली जानकारी के अनुसार कांटी फैक्ट्री गांधीनगर नकली शराब की फैक्ट्री में चल रही थी. फैक्ट्री संचालन कर रहे दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है. साथ ही नकली शराब बनाने वाले सामान जब्त किए गए. बहादुरपुर वार्ड संख्या 47 में गोलू सिंह लॉज के कमरे में शराब फैक्ट्री चल रही थी.

**भारी मात्रा में विदेशी शराब जब्त**

शराब के रैपर, बोतल, ढक्कन और सील करने के उपकरण बरामद किए गए. उत्पाद विभाग ने वैशाली के रहने वाले अमन कुमार और समस्तीपुर के रहने वाले मोहित दिनकर को गिरफ्तार किया है. इस कार्रवाई में 86 बोतल विदेशी शराब, 200 पीस ढक्कन, 600 रैपर पैकिंग मशीन और 800 पीस खाली शराब की बोतल की बरामदगी हुई है.

Source: https://www.abplive.com/states/bihar/patna-news-fake-english-liquor-factory-busted-in-bihar-ann-2805066